MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up Short Duration Discussion on striking down of the IMDT Act by the Supreme Court. Shri Pramod Mahajan.

SHORT DURATION DISCUSSION

Situation Arising Out of Striking Down of IMDT Act by the Supreme Court

श्री प्रमोद महाजन (**महाराष्ट्र**) : उपसभापति महोदय, आखिर आई.एम.डी.टी.की चर्चा की इस सदन में मुहूर्त मिल ही गया । लोक सभा में इस विषय पर चर्चा 26 जुलाई को की । हम तो चाहते थे कि इसके साथ –साथ राज्य सभा में चर्चा हो लेकिन धीरे –धीरे लगभग अंतिम सप्ताह आ गया, भले देर से क्यों नहीं हो लेकिन इस विषय पर मुझे तथा सदन को विचार करने के लिए आपने अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

12 जुलाई, 2005 को उच्चतम न्यायालय ने एक एतिहासिक फैसला दिया कि 21-22 साल पुराना कानून जिसके संबंध में खास कर असम में असंतोष का परिस्फुट होता रहा, उस आई.एम.डी.टी. एक्ट को सर्वोच्च न्यायालय ने 12 जुलाई को रद्द कर दिया । असम गण परिषद के लोक सभा सदस्य सर्वानन सोनवाल की एक यचिका को उन्होंने स्वीकार किया और आई.एम.डी.टी.एक्ट को रद्द किया ।

[**श्री सभापति पीठासीन हुए**]

चर्चा के पहले मैं असम गण परिषद के सदस्य सर्वानन सोनवाल जी को हार्दिक बधाई देता हूं कि वर्षों का आंदोलन जो कर नहीं सका, राज्य सभा में स्पष्ट बहुमत के अभाव में हम जिसे कर नहीं सके : वर्ष के निरन्तर प्रयास के बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय से इसे उद्देश्य को प्राप्त किया । और मैं सर्वोच्च न्यायालय को भी कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहूंगा कि राजनीतिक चक्रव्यूह में अटका हुआ यह आई.एम.डी.टी. कानून अन्ततः उन्होंने समाप्त किया । इसके कारण सारे असम में तो मानो खुशी की लहर बह गई, लोगों ने लभगभ दीवाली मनाई लेकिन हां, कुछ लोग नाराज हुए । इस देश में जो अवैध घुसपैठिए आए है वे नाराज हुए और उनके आधार जो राजनीति करना चाहते है , ऐसे राजनीतिक दल भी नाराज हुए और चूंकि यही राजनीतिक दल अपने संसदीय बहुमत का दुरूपयोग करते हुए इस आई.एम. डी.टी . कानून को लाए थे । और आज उनके फिर से सत्तीसीन होने के कारण हमें यह डर लगा कि इस काले कानून को फिर से लाने की संभावना हो सकती है । इसलिए इस चर्चा का प्रयोजन

है, इसकी आवश्यकता है। सभापति महोदय, इस कानून के नाम का इस कानून से कोई संबंध नहीं है पढ़ने में तो लगता है कि बहुत अच्छा नाम है आई एम.डी.टी. इल्लीगल माइग्रेंट्स डिटरमिनेशन बाय ट्रिव्यूनल – किसी को भी लगेगा कि अगर अवैध घुसपैठिए आते है और प्राधिकरण के द्वारा उनकी पहचान करके उनको हटाने का प्रयास करने का कानून होता है तो ऐसे कानून के रद्द करने पर खुशी क्यों ? लेकिन हिन्दुस्तान में कुछ कानून ऐसे हैजिनके नाम और काम में ज़मीन – आसमान का अंतर है । इसी कानून के दो – तीन साल के बाद एक और कानून हमारे देश में आया था, जिसका नाम था –मुस्लिम वीमेन प्रोटैक्शन एक्ट् । प्रसिद्ध शाह बानो केस के बाद, जिसमें मुस्लिम महिला को सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय दिया था , उस न्याय का अन्याय में बदलने का जो कानून था, उसका शीर्षक था – मुस्लिम वीमेन प्रोटैक्शन ऐक्ट । उसी प्रकार यह जो आई. एम.डी.टी था इसके बारे में शुरू से – सौभाग्य से आप भी बैठे है, विपक्ष के नेता है और इसलिए भाषण के लिए जब मैं अध्ययन कर रहा था तो -1983 में भी, जब यह कानून इस सदन में परित हुआ , तब भी –आज जो विपक्ष के नेता है, जंसवत सिंह जी – उन्होंने उसका कड़ा विरोध किया था । इसलिए हमने हमेशा यह कहा था कि इसका नाम कोई भी हो, इसका नाम अलग है। केवल इसकी प्रस्तावना और जिसे हम कानून की भाषा में एस.ओ.आर. कहते है, स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्ट्स एंड रीजंस, यह अगर छोड़ दें तो इसमें इल्लीगल इमीग्रेंट के खिलाफ, अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कुछ भी नहीं है । उल्टा, यह कानून It is not to determine but to legalise the illegal immigrants. तब शायद किसी ने भरोसा नहीं किया । असम में बार-बार यह मांग होती रही , किसी ने भरोसा नहीं किया। लेकिन आज उच्चतम न्यायालय ने उसी मुद्दे को मानते हुए यह कानून निरस्त कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने क्या कहा, यह पूरा पढ़ने की तो आवश्यकता नहीं है, लेकिन उसके तीन छोटे –छोटे परिच्छेद मैं चर्चा के लिए पढ़ना आवश्यक समझता हूं । उच्चतम न्यायालय ने एक स्थान पर कहा है कि This IMDT Act, 1983 has created the biggest hurdle and is the main impediment or barrier in the identification and deportation of illegal immigrants. सुप्रीम कोर्ट कहता है कि जिसके लिए बना, उसके लिए कानून है ही नहीं । दूसरी जगह सुप्रीम कोर्ट कहता है कि Deep analysis of IMDT Act and Rules made thereunder, would reveal that they have been purposefully so enacted and made as to give shelter or protection to illegal immigrants who came to Assam from Bangladesh on or after 25th of March, 1971, rather than to identify and report them, तीसरा परिच्छेद The IMDT Act is not only ineffective in dealing with illegal immigrants, it actually gives them protection as the proceedings initiated against them almost entirely end in their favour, and so, enable them to have a document, official sanctity to the effect that they are not

illegal immigrants. मैं समझता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने आज तक बहुत सारे कानूनों को निरस्त किया होगा, किसी को उन्होंने संविधान के दायरे में नहीं पाया होगा, किसी को गलत पाया होगा, लेकिन जिस प्रकार की कड़वी आलोचना, इसको निरस्त करते समय सुप्रीम कोर्ट ने की है, लगभग इसके पूरे उद्देश्य पर प्रश्न –चिन्ह लगायाहै, शायद किसी कानून के बारे में नहीं किया होगा। कभी हम सोंचेंगे कि उच्चतम न्यायालय ने इतने कटु शब्द इसके लिए उपयोग में क्यों लाए ? क्या इसका उद्देश्य था ? हम सब जानते है कि 25 मार्च , 1971 को बंगलादेश की निर्मात्री श्रीमती इंदिरा गांधी और मुजीब के बीच में एक समझौता हुआ था । माना गया कि उसके बाद कोई आएगा नहीं , तब तक जो आए, वे ठीक है । उस समझौते के बाद, 1983 में कानून बनने तक और कानून बनाने के बाद 21 साल तक इतने लोग आते रहे और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन सबको इल्लीगल से लीगन बनाने का काम यह कानून करता रहा है । अब इसमें क्या दोष थे, जिनके कारण सुप्रीम कोर्ट को लगा- एक –एक वाक्य में मैं कहूंगा। यह दुनिया का ऐसा अद् भुत कानून है, जिसमें अवैध घुसपैठिए कौन है, यह ढूंढना का सरकार का नहीं, नागरिकों का काम है । नागरिक केवल ढूंढेगा ही नही शिकायत करना भी सरकार का काम नहीं है , उस नागरिक का काम है । अच्छा, शिकायत करते समय भी उस शिकायतकर्ता नागरिक को यह सिद्ध करना पड़ेगा कि यह अवैध घुसपैठिया है । अब सिद्ध करने में महीने – दो महीने लगते है, तब तक ये लोग भाग जाते है , पता बदल लेते है । तो उस बेचारे शिकायतकता को उस पर नजर रखनी पड़ेगी कि जब तक फैसला न हो, तब तक वह कहीं भाग नहीं और मान लीजिए, शिकायतकर्ता की इतनी सारी मेहनत सफल होने के बाद, अगर वह ट्रिब्यूनल घोषित करे कि यह अवैध घुसपैठिया है, तो उसको भारत छोड़ने के लिए तीस दिन दिए जाते है और उस पर निगरानी रखने का काम भी पुलिस नहीं करती, उसे अरेस्ट नहीं करती । यह भी उसी शिकायतकर्ता को करना पड़ेगा कि तीन दिन वह ध्यान रखे और तीन दिन उस पर नज़र रखने के बाद अगर सरकार पकड़कर उसे बंगलादेश भेजती है तो भगवान जाने क्या भरोसा वह वापस कैसे आएगा या नहीं आएगा ?

सभापति जी, कानून और उसके इन नियमों के अंतर्गत सामान्य व्यक्ति क्या, भगवान भी असम की धरती पर उत्तर आए, तो इसके लिए किसी अवैध घुसपैठिए को पकड़कर बंगलादेश भेजना संभव नहीं है और इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1983 से 2005 तक हम लोगों ने कितने लोगों को भेजा ? केवल 1300 को । खर्चा कितना हुआ, इसका ब्यौरा मेरे पास नहीं है । कुछ करोड़ तो खर्च हुए ही होंगे । करोडों का खर्चा करके सैकड़ों में लोग भेजे

गए । कभी –कभी तो मुझे लगता है कि यह ट्रिब्यूनल न बनता , खर्चा न होता और इन 1300 लोगों को ये करोड़ रूपए बांटकर दे देते तो वे खुद ही बंगलादेश जाकर अपनी दुकान चला लेते । उसके लिए इतना सारा झमेला करने की तो कोई आवश्यकता ही नहीं थी और इसलिए इस कानून को रद्द करना, मैं समझता हूं कि आवश्यक था । अब जो पहली बार इस कानून को सुन रहा होगा और तटस्थता से सुन रहा होगा , उसको लगेगा किऐसे कैसे कानून पास किया? यह कोई कानून है ? यह तो कानून का मज़ाक है । तो आपको , हमको , सबको आश्चर्य होगा कि यह कानून आया कैसें ? मैं थोड़ी इसकी जन्मकुंडली बताना चाहता हूं कि इसका जन्म कैसे हुआ ? इसके ग्रह –नक्षत्र कहां क्या थें ?

सभापति जी विदेशी अगर इस देश में घुसता है, तो उसको निकालने के लिए हमारे यहां पहले से फॉरेनर ऐक्ट था। उसके लिए अलग आई.एम.डी.टी . एक्ट कीआवश्यकता नहीं थी । अगर विदेशी घुस गया तो सरकार फोरनर एक्ट के तहत उस पर कार्यवाही करे और उसको वापस भेज दे । अब कोई यह कह सकता है कि प्रमोद आपको कानून का तो ज्ञान है नहीं है, इस फारेनर एक्ट में बहुत कमियां थीं इसलिए हम IMDT एक्ट लाए । बहुत अच्छा, मुझे तो ज्ञान नहीं है, कमियां होंगी, इसलिए IMDT एक्ट लाए । सभापति महोदय, मुझे यह सुनकर आश्चर्य होता है कि यह IMDT एक्ट बना पूरे देश के लिए था, लेकिन लगा सिर्फ असम में । यह असम में ही क्यों लगा ? अगर फारेनर एक्ट गलत था और IMDT एक्ट ठीक था , तो हमारे बड़े विद्वान साथी श्री आनन्द जी यहां पर बैठे है, शायद वे जानकरी दे दें । मुझे मालूम नहीं कि दुनिया में ऐसा देश है,अज्ञान के लिए मैं क्षमा चाहता हूं,जहां इम्मीग्रेशन पर दो अलग-अलग कानून एक ही देश में हों । अगर असम में पकड़ना है तो IMDT एक्ट में पकड़ो, बंगाल में पकड़ना है तो फारेनर एक्ट में पकड़ो । मुझे नहीं लगता की दुनिया के किसी देश में एक काम के लिए दो कानून अमल में आते हों । लोगों को यह लगा कि असम के लिए अलग कानून क्यों बना, स्वाभाविक है, इसका एक कारण यह है कि असम में बंगलादेश से लोग भर-भर कर यहां आए । वहां प्रांतों में आज जो इतनी बड़ी समस्या है, शायद इतनी बड़ी समस्या 1983 में भी नहीं थी, इसलिए बना होगा । जिन्होंने यह कानून बनाया है, उन्होंने यह तर्क दिया कि जो भारत का असली नागरिक है और खासकर जो अल्पसंख्यक है, उस पर अन्याय न हो , इसलिए IMDT एक्ट की आवश्यकता है । यह कितना सत्य है और कितना असत्य है, मैं नहीं जानता और मैं कहने वाले की ईमानदारी को चुनौती भी नहीं देता हूं । लेकिन मुझे समझ में नहीं आता है कि अगर हमको अल्पसंख्यको की इतनी ही चिंता है तो हम असम के ही अल्पसंख्यकों की इतनी चिंता क्यों करते है, हमको बंगाल के अल्पसंख्यकों की भी चिंता करनी चाहिए, दिल्ली का भी करनी चाहिए । यदि अल्पसंख्यको को सुरक्षा देने वाला कानून है तो इसे भी तो सारे देश में लगा देते । हम यह

समझते है कि असम में जो अल्पसंख्यकों पर अन्याय नहीं होना चाहिए , बाकी देश में हो जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ता । यह तर्क बड़े – बड़े नेताओं ने दिया है, दूसरे सदन में चर्चा में भी दिया कि IMDT एक्ट का दुरूप्रयोग हो रहा था और दुरूप्रयोग में खासकर जो अल्पसंख्यक माइनोरिटी तबके के लोग थे, उन्हीं को परेशान किया जा रहा था , मैं कभी सोचता हूं कि अगर असम में माइनोरिटी के लोगों को कोई परेशान कर रहा था तो कौन कर रहा था ? 1971 से 1983 तक, थोड़ा 1977 का अपवाद छोड़ दें तो भाजपा तो 1980 में बनी थी, तब हमारी सरकार नहीं थी, जनसंघ की नहीं थी, आर.एस.एस. की नहीं थी , हममें से किसी की भी सरकार नहीं थी तो किस की सरकार थी जिसके आफिसर फारेनर एक्ट के अतंर्गत माइनोरिटी को कष्ट दे रहे थे ? वे कम से कम कुबूल तो कर लें कि भाई जब हमारी सरकार चल रही थी तो हमारे आफिसर माइनोरिटी को तकलीफ दे रहे थे , इसलिए हमको लगता है कि यह कानून बदलना चाहिए । क्योंकि हम अफसरों पर तो कंटोल नहीं कर पाते इसलिए हम कानून में कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे । इसलिए ये जो तर्क दिए जाते है, बेमानी है । इसका रहस्य यह है कि 71 के बाद असम में जिस प्रकार की घुसपैठ हुई और जितनी भारी मात्रा में हुई 79 में असम में घुसपैठ के विरोध में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व आंदोलन हुआ था । 1980 की लोक सभा में 14 में से 12 स्थानों पर चुनाव नहीं हो सका, क्योंकि लोग पर्चा दाखिल नहीं कर सके । इतना ही नहीं 1983 में जब विधानसभा काचुनाव हुआ तो पूरे प्रदेश में 20-21 प्रतिशत से ज्यादा लोग मतदान के लिए नहीं आए । असम में आंदोलन का सबसे अधिक शहीद बलिदान का समय इसी समय आया, तब शायद जो सत्तीसीन थे उनको लगा कि इस अवस्था में असम हमारे पास नहीं रहेगा । उनको आने वाले तूफान की आहट हुई । उन्हें खोता जनाधार दिखाई देने लगा सदा के लिए असम में राजनैतिक दृष्टियां खोने का भय सताने लगा और जब यह भय सताने लगा तो नए जनाधार की आवश्यकता पड़ी । जब नए जनाधार ढूंढने शुरू हुए , नई ऑगमेन्ट शुरू की तो इसे अपनों में नहीं ढूंढा, परायों में ढूंढा । यह सोचा कि अवैध घुसपैठिए को अगर वैध बनाने का कोई कानून बन जाए कम से कम उन्हें नहीं निकालने का कानून बन जाए तो अपना जनाधार उसके आधार पर पक्का लगेगा और यही कारण है कि आई.एम.डी.टी का जन्म हुआ । सभापति जी इसलिए, अब जो आई.एम.डी.टी. निरस्त हुआ । सरकार ने इस पर विचार करने के लिए एक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया है । जहां तक सरकार का प्रश्न है, वह किसी भी प्रश्न पर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बना सकती है। मैं उनके इस अधिकार को तो चुनौती नहीं देता कि ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स क्यों बनाया है । आप जरूर बनाएं । इस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स के बनाने के मद्दे पर आपति नहीं है , भय यह है कि इसके पीछे मंशा ठीक नहीं है, भय यह है कि इसके पीछे इरादे ठीक नहीं है, भय यह है कि आई.एम.डी.टी. के मैंने दस मिनट में जो कारण गिनाए है, इन कारणों के कारण सुप्रीम कोर्ट

ने निरस्त कर दिया है । उसी आई.एम.डी.टी. के कानून को किसी न किसी और फेस में, किसी और रूप में असम पर थोपने की इच्छा इस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स के पीछे दिखाई देती है । मेरी चुनौती देने की ताकत नहीं है, बहुमत उनका है, वे जो चाहे कर सकते है, लेकिन मैं वर्तमान सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि अब आई.एम.डी.टी को भूल जाओ । अब निरस्त हो गया , पीछे के दरवाजे से इसे लाने की कोशिश मत करो । जो आपने मुस्लिम वूमेन प्रोटैक्शन एक्ट " में किया वह यहां फिर से मत कीजिए । अब जो बचे हुए कानून हमारे पास है उसके आधार पर घुसपैठी तय करो । अगर ऐसा नहीं करोगे तो शायद पिछले आंदोलन से बड़े आंदोलन के लिए असम और देश की जनता को तैयार रहना पड़ेगा । सभापति जी, हम संसद की सार्वभौमिकता में विश्वास रखते है । मैं जानता हू कि सविंधान के दायरे में संसद उच्च न्यायालय के फैसले को दरकिनार कर सकती है । वह आई.एम.डी.टी के पार्थिव शरीर में फिर से प्राण भर सकती है । वह उसका अधिकार है । वह थोड़ा बहुत बदलकर कर सकती है । पांच –दस साल फिर कोर्ट में चले जाएंगें , लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा करना सरासर गलत होगा । अगर 1983 में गलती हुई है तो सरकार इसे प्रतिष्ठा का विषय न बनाए , सरकार इसे अपने सम्मान का विषय न बनाए, सरकार इसे असम के चुनाव का विषय न बनाए । कम से कम एक बार इस काले कानून से छुटकारा मिला है , इसलिए इसे और किसी परिवेश में लाने प्रयास न करे ।

सभापति जी , अवैध घुसपैठ , यह राजनैतिक मद्दा नहीं है , यह एक राष्ट्रीय समस्या है। सदन में बहुत बार कितने आए, क्या आए हम इस पर बहस करते है । सच या न सच बोलते है, लेकिन बाहर इसके बारे में सारी दुनिया जानती है । असम के किसी भी गांव में हम चले जाएं तो लोग कहते है कि यह बांग्लादेशी बस्ती है, बांग्ला बस्ती नहीं है, वे कहते है कि बांग्लादेशी बस्ती है, मैं नहीं समझता कि अगर हम बांग्लादेश में कहीं जाएं तो कोई हमें यह बताएगा कि यह हिन्दुस्तानी बस्ती है । यह कोई नहीं बताएगा । अगर ऐसा है तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बहुत बड़ा संकट है । इसलिए इस पर एक राष्ट्रीय सहमति निर्माण करने का प्रयास करना पड़ेगा । राजनीति को छोड़कर करना पड़ेगा । कौन इससे इंकार कर सकता है कि हिंदुस्तान में घुसपैठिए है । सात – आठ साल पहले तत्कालीन गृहमंत्री माननीय इंद्रजीत गुप्ता जी ने कहा था कि एक करोड़ है । अभी –अभी कुछ दिन पहले मेरे सम्माननीय मंत्री , परम् मित्र श्री प्रकाश जी ने कहा था कि दो ढाई करोड़ है । फिर उन्होंने कहा कि नहीं, यह तो मैने हियरसे पर कहा था । इसके आधार पर हमारा कोई कैल्कुयूलेशन या सेन्सस नहीं है, इसलिए मैंने जो बताया था, वह गलत है । सही गलत छोड़ दीजिए , सारी दुनिया जानती है कि हिंदुस्तान की 2 प्रतिशत आबादी इन अवैध घुसपैठियों से भरी है । सारी दुनिया जानती है कि जो हमारे बंगला देश से पड़े हुए सीमावर्ती प्रांत है, उनमें 10-12 प्रतिशत घुसपैठियों घुस गए है

और असम में तो कुछ जिले ऐसे है, जहां यह आबादी 25से 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है । दुर्भाग्य से इस देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था । जब सीमावर्ती प्रांतों में, सीमावर्ती जिलों में इस प्रकार की स्थिति बनती है और अल्पमत, बहुमत में बदलता है, जब democratic changes होते है, तो क्या हालत होगी ?

सभापति जी, यह 2005 है, यह बंग-भंग की जन्म –शताब्दी है, 1905 में बंगाल टूटा था ।यह समस्या तब शुरू हूई थी, तो तब हम जागरूक थे, कम से कम हमने 1912 में उसको इकट्ठा किया,लेकिन अगर हम 2005 में 10-5 सीटें और एक प्रदेश का मुख्यमंत्री तय करते रहें, तो इन सीमावर्ती सारे जिलों में यह बहुमत होगा । मैं बंगला देश के कितने नेताओं के नाम गिनाऊं , भुट्टों से लेकर मुजीब तक सब कह चुके है कि घर छोटा है, आबादी बड़ी है , हमको कहीं न कहीं तो घर ढूंढना पड़ेगा । अगर यह हो जाए , तो कहीं हम देश को तीसरे बंटवारे की ओर तो नहीं ले जा रहे है ? मैं नही समझता कि यहां किसी के मन में दूर –दूर तक यह इच्छा है अगर यह इच्छा नहीं है, तो मुझे लगता है कि इस खतरे की ओर राजनीतिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखना पड़ेगा ।

सभापति जी, इसके साथ –साथ मैं यह अगर इस समस्या का समाधान ढूंढना है, तो सबसे पहले हमको अवैध घुसपैठिए और शरणार्थी , इन दोनों में फर्क करना पड़ेगा Illegal Immigrant and refugee एक नहीं होते । दुनिया भर के कानून में इनमें अंतर किया जाता है । Illega Immigrant वह होता है, जो अपने किसी निजी स्वार्थ के कारण दूसरे देश में प्रवेश करता है । निजी स्वार्थ, दूसरे देश का धार्मिक संतुलन बिगाड़ने से लेकर खुद का पेट भरने तक कुछ भी हो सकता है । शरणार्थी या refugee वह होता है, जिसको उस देश में इतना परेशान किया जाता है कि वह उस देश में रह नहीं सकता, इसलिए वह अपने देश को छोड़कर पड़ोस के देश मे चला जाता है ।अब इन दोनों में अगर मैं फर्क करता हूं तो कोई भी मुझ पर आरोप लगा सकता कि प्रमोद, यह फर्क तुम मुसलमान और हिंदू में कर रहे हो । यह सच है, लेकिन मैं करूं क्या कि देश का बंटवारा धंर्म के आधार पर हुआ था , मैं करूं क्या कि बंगला देश में मुसलमानों की आबादी सर्वाधिक है मैं करूं क्या कि बंगला देश मे हिदूं अल्पसंख्यक है, मै करूं क्या कि इन अल्पसंख्यक हिंदुओं को वहां इतना परेशान किया जाता है वह बेचारा अपनी इज्जत बचाने के लिए दौड़ता है । वह मेरी गलती नहीं है । मैं इसको हिंदु –मुसलमान के रूप में नहीं देख रहा हूं । इसलिए आज इस सदन में हम प्रामणिकता से कहते हैं कि जो हिंदुस्तानी मुसलमान हैं अगर असम की भाषा में बोलना है, तो जो असमिया मुसलमान है, वह इस देश का है । वर्ष 1947 में बंटवारा हुआ ओर धर्म के आधार पर देश बना । पाकिस्तान ने धर्म के नाम पर इस्लाम मांगा , तब जो मुसलमान वहां नहीं गया, यहीं रहा और इस देश को अपनी मातृभूमि समझकर

रहा, उसका इस देश पर उतना ही अधिकार है, जितना मेरा है इसलिए उसके इस अधिकार को मैं कोई चुनौती नहीं देता और किसी भी कानून में अगर उसको कष्ट होता है, तो निश्चित रूप से उस पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन बंगला देश का जो मुसलमान बंधु है, उसका इस देश पर कोई आधिकार नहीं है, अब घर बटा , दोनों भाइयो ने घर बांट लिया, लेकिन रोज बच्चों को हमारे यहां खेलने भेज रहे हो , यह तो कोई हिसाब नहीं हुआ , यह तो कोई न्याय नहीं हुआ । आप अपना देश चलाओं, अपने देश में चाहे जो करो, हमें कोई आपति नहीं है । इसलिए मैं यह समझता हूं कि यह फर्क करना जरूरी है ।

पाकिस्तान और बंगला देश में क्या होता था ? जब देश का बंटवारा हुआ , तब आदरणीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने लियाकत जी के साथ एक समझौता किया था और इस समझौते के अंतर्गत यह माना गया था कि एक –दूसरे के देश में जो अल्पसंख्यक है,इसका मतलब है कि जो भारत में मुसलमान है और वहां जो हिंदू है , उनकी हिफाज़त करना उन देशों का कर्तव्य है । मैं इस विषय को बढ़ाना नहीं चाहता, लेकिन जब बंटवारा हुआ तो पाकिस्तान में हिदूं कितने थे, आज कितने है ? जब बंटवारा हुआ तो पूर्व – पाकिस्तान आज के बंगलादेश में मुसलमान कितने थे , हिदूं कितने थे और आज कितने है? अगर ये शरणार्थी आ रहे है , तो ये शरणार्थी जाएंगे कहां ? इसलिए जो हिंदू है, वह बंगलादेश से आए या पकिस्तान से आए , वह भारत के सिवाय कहां जाएगा ? हिन्दू इस देश में कभी घुसपैठिया हो ही नहीं सकता । यह उसका अपना देश है और इस देश के सिवाय उसको कोई अधिकार नहीं है । अगर इसमें किसी को साम्प्रदायिकता दिखती हो , तो मैं इसकी क्षमा चाहूंगा , वे मान लें । अगर उनका मुझ पर भरोसा नहीं है, तो मैं केवल दो छोटे उद्धरण देना चाहूंगा ।एक है, हमारे श्री शंकर राय चौधरी जी का , जो कल रिटायर हुए वे पूर्व सेनाध्यक्ष थे । इसी सदन में 2003 की एक बहस में भाग लेते हुए उन्होंने कुछ वाक्य कहें He said, "Some are economic migrants, whom you see all over the country. Some are infiltrators, terrorists. But a large number of them are religious minorities facing persecution. I urge the Government that the minorities fleeing Bangladesh" - this minority word is for the minority in Bangladesh, not in India - "for fear of persecution, should be given citizenship in India". अगर इससे आपका समाधान नहीं है .तो मैं एक और उद्धरण देकर आगे बढ़ूंगा । यह भी 18 दिसम्बर 2003 का है, नाम मैं एक क्षण के बाद बताऊंगा, वाक्य यह है, "After the partition of our country, the minorities in the country like Bangladesh have faced persecution and it is our moral obligation that if circumstances force people, these unfortunate people, to seek refugee in our country, our approach to granting citizenship to these unfortunate persons should be more

liberal". यह वाक्य है आज के आदरणीय प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी का , जब वे विपक्ष के नेता के रूप में यहां से भाषणा दे रहे थे तो , 18 दिसम्बर 2003 को उन्होंने ये भावनांए व्यक्त की थीं । जब मैं घुसपैठिए और शरणाथी में फर्क करता हूं तो मैं मनमोहन सिंह जी की उसी भावना को बल देता हूं । यह उन्होंने 2003 में कहा था , 48-49 में नहीं कहा था । यह 2003 में डेढ़ दो साल पहले उन्होंने कहा था कि इसमें फर्क करना चाहिए ।

सभापति महोदय, बहुत बार यह कहा जाता है कि बंगलादेश के जो बहुसंख्यक लोग है, वे आर्थिक विपन्नता के कारण यहां आ रहे है । हो सकता है सब कारण हो सकते है , उसमें आर्थिक विपन्नता हो सकती है । कुछ लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि भारत के लोग खाड़ी देशों में काम करने नहीं जाते ? अब मुझे लगता है कि खाड़ी देश में भारत के जो लोग काम करने जाते है, वे अवैध घुसपैठ नहीं करते । वे पासपोर्ट लेकर जाते है, वीजा लेकर जाते है और वहां उनकी जरूरत होती है, इसलिए जाते है, तेल कंपनियाँ खरीदने नहीं जाते, मजदूरी करने जाते है । अब बंगलादेश के लोग, इस देश में पार्सपोर्ट तो है नहीं , वीजा तो मानते नहीं और किस काम के लिए आते है , किस काम के लिए इस देश में आते है? वे इस काम के लिए नहीं आते , जो हम नहीं कर सकते , चलो भई हम नहीं कर सकते, हम सरकार नहीं चला सकते, तो उन्हें दे दिया। वे इसलिए नहीं आते । वे तो वही काम करते है, जो भारतीय कर सकते है । असम की बेरोज़गारी का एक बड़ा कारण यह है कि बंगलादेश से आए हुए घुसपैठियों ने सारे धंधों पर कब्जा कर लिया है और उनके सारे धंधों पर कब्जा कर लिया है तो at whose cost Original Indians. इसलिए ये जो घुसपैठिए है, इनमें लिए आर्थिक तर्क बेमानी है । कुछ लोग तो कहते है कि इन्हें परमिट दे दो । परमिट क्यों दे ? जो काम हम कर सकते है,उस काम के लिए परमिट क्यों चाहिए ? सभापति जी , इसलिए बंगलादेश को अपने नागरिकों की चिन्ता खुद करनी पड़ेगी । वे अपना बोझ भारत पर नहीं डालें । इसलिए मैं तो आगे जाकर यह कहना चाहूंगा कि अगर बंगलादेश को कोई मदद करनी है, उनको कोई आर्थिक सहायता देनी है, उनमें कुछ सुधार लाना है और इसके लिए भारत सरकार कोई ऐसा कदम उठाती है,तो इसमें आपति देने का कोई कारण नहीं है ।

सभापति जी, इसमें मेरा उपायों के बारे में जो तीसरा मुद्दा है, अब हम नए घुसपैठियों को लाना लगभग असम्भव करें । भारत-पाक की सीमा और भारत –बंगलादेश की सीमा, इसमें जमीन –आसमान का अन्तर है । मेरा हिन्दी का शब्द गलत हुआ, इसमें जमीन –पानी का अन्तर है क्योंकि पाक सीमा जो है, वह सारी जमीन की है और इधर जो सारी सीमा है, वहां नदी-नाले इतने है कि इसमें सब जगह तार लगाना सम्भव नहीं है । लेकिन कभी –कभी मुझे आश्चर्य होता और अभी हाल में जब मैंने अभ्यास किया तो पता चला कि हम इधर इतने lenient है कि जो पश्चिमी सीमा पर तार लगी है उस की ऊचांई और पूर्वी सीमा पर लगे तार

की ऊंचाई में दो फुट का फर्क है । पश्चिमी सीमा पर जो तार लगी है, खास तौर पर जो पंजाब के बार्डर पर लगी है, वहां पूरे बॉर्डर पर बिजली की तार लगी है । वह आप देख सकते हो, लेकिन यहां तो बिजली नहीं है । इतना ही नहीं जो लोग सुरक्षा के लिए रखे गए है , आप देंखे कि पश्चिमी सीमा में 30 किलोमीटर पर बी.एस.एफ. की एक बटालियन होती है , यहां कछार में 40 किलोमीटर पर एक होती है और धुब्री में 70 किलोमीटर पर है । इसलिए स्वाभाविक है कि धुब्री से 50 प्रतिशत लोग घुस गए है । इतना ही नहीं वहां पश्चिमी सीमा पर तो जरूरत नहीं है, लेकिन यहां तो स्पीड बोट्स की आवश्यकता है । इसलिए इस ओर ध्यान देकर रोकने का प्रयास किया जाना चाहिए ।

महोदय, अगला मुद्दा यह है कि अब हम घुसपैठियों की राजनीति छोडें और उन की प्रामाणिकता से पहचान करें । महोदय, इतना करने के बाद भी मैं समझता हूं कि दो करोड़ लोगों को वापस भेजना उतना आसान नहीं है । हम भी सरकार में रहे है । इसलिए मैं कोई ऐसा सुझाव नहीं दूंगा कि हम बंदूक लेकर निकलें और उन्हें ले जा रहे है । आखिर हम कोई 16 वीं सदी में नहीं है, लेकिन कम-से –कम पहचान तो करों, कम –से –कम मतदाता सूची से उन के नाम तो हटाओ, उन के राजनीतिक प्रभाव तो कम करो, फिर बांग्लादेश से बात करो और उन को भेजने की कोशिश करो । लेकिन अगर हम यह माने कि वे आते ही नहीं है तो कभी –कभी तो मुझे लगता है कि सत्ता दल की भूमिका और बांग्लादेश की भूमिका में कोई अंतर नहीं है बांग्लादेश भी कहता है कि कोई घुसपैठिया जाता ही नहीं है और यह कहते है कि कोई आता नहीं है अगर वह जाता नहीं और यह आता नहीं तो फिर घुसपैठिए की पहचान कैसे होगी ? आप मतदाता सूची से नाम हटाइए, एक नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन बनाने की कोशिश कीजिए और एक बहुउद्देशीय पहचान पत्र दीजिए ।

महोदय, मैं कम –से – कम चुनाव आयोग से यह अपेक्षा करता हूं कि इस ओर ध्यान दे । अध्यक्ष जी आई.एम.डी.टी. रद्द होने के बाद जो उन मतदाता सूची है, आप को आश्चर्य होगा कि अगले साल चुनाव है व अभी एक डाफ्ट सूची निश्चित हुई है ? वहां एक – एक चुनाव क्षेत्र में 25-25 प्रतिशत वोटर्स बढ़े हैं और ऐसे कई मतदान क्षेत्र है जहां 25-30 परसेंट तक बढ़े है । अब अगर आप मतदाता सूची से उन के नाम हटाएं तो मुझे लगता है कि हम इस प्रश्न के साथ कोई न्याय करेंगे ।

महोदय अंत में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि हमारे देश की जो अखंडता और सार्वभौमिकता है, उस पर जब बाह्य आक्रमण होता है तो उस से रक्षा हमारी बहादुर सेना करती है, लेकिन यह जो अवैध घुसपैठ है, यह हमारी आंतरिक सुरक्षा को खतरा है । यह भारत की अस्मिता पर चोट है, यह भारत की संस्कृति को बिगाड़ने का काम है, यह भारत की भाषा को

दूषित करने का प्रयोग है और इसीलिए मेरी सरकार से करबद्व प्रार्थना है कि आई.एम.डी.टी.के इस पार्थिव शरीर में एक –दो चुनाव के लिए कोई नए प्राण फूंकने का प्रयास न करें। इस अवैध घुसपैठ से भारत को बचांए । इस के लिए सभी राजनीति दलों को बुलाकर कोई सहमति प्रदान करें और सब मिलकर घुसपैठियों से हमारे देश की सुरक्षा को एक संकट खड़ा हुआ है, उस को दूर करने का काम करें । यही मेरी प्रार्थना है और आज की चर्चा का मेरी दृष्टि से उद्देश्य भी यही है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री सभापति : श्री राशिद अल्वी ।

श्री राशिद अल्वी प्रदेश (**आंध्र प्रदेश**) : सर, इस अहम मामले पर बातचीत का मौका देने के लिए आप को बहुत –बहुत धन्यवाद ।

प्रमोद जी की बात मैंने बहुत बार सुनी है और आज भी बहुत खामोशी के साथ उन की बात सुन रहा था । मैं प्रमोद जी की कही एक बात पर पहले आता हूं । उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा मजहब की बुनियाद पर हुआ है । मुझे इस बात पर पूरा एतराज है । इस से पहले कि मैं आई.एम.डी.टी. की बात शुरू करूं, मैं कहूंगा कि अगर हम देश के इतिहास का एक-एक पन्ना पलटना शुरू करेंगे तो बहुत समय लगेगा, लेकिन प्रमोद जी आप तो इस हाउस के अंदर वही बात कह रहे है जो आजादी के पहले मुस्लिम लीग कहती रही है । मुस्लिम लीग यही कहती थी कि इस देश के अन्दर दो कौंमे रहती है और दोनों को अलाहिद –अलाहिदा मुल्कों की जरूरत है, लेकिन वे लोग, जो इस देश के अन्दर आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे थे, उन्होंने कहा था कि हिन्दु और मुसलमान दो कौमे नहीं है, यह एक कौम है ।

प्रमोदजी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मौलाना आजाद कांग्रेस के ही एक नेता नहीं थे, बल्कि वे इस दुनिया के एक थिन्कर थे । जब पाकिस्तान बना तो मौलाना आजाद ने कहा था कि कौम की बुनियाद वतन होती है, मजबह नहीं होती है । कौमें वतन से बनती है, धर्म और मजहब से नहीं बनतीं । तब मौलान आजाद ने यह प्रेडिक्ट किया था कि आज का जो पाकिस्तान बना है, वह पाकिस्तान, पाकिस्तान नहीं रहने वाला है, क्योंकि बांग्लादेश और पाकिस्तान के अंदर कोई चीज नहीं मिलती, जुबान नहीं मिलती , कल्वर नहीं मिलती , खाना –पीना नहीं मिलता, सिर्फ एक मजहब की बुनियाद है, जिसकी बिना पर पाकिस्तान बांग्लादेश को नजदीक महसूस कर रहा है। लेकिन प्रमोद जी, अगर मजहब की बुनियाद पर मुल्क बना करते, तो मिस और लीबिया अलैहदा मुल्क नहीं होते ; अगर मजहब की बुनियाद पर मुल्क बना करते, तो इराक और इरान में लड़ाई नहीं होती ; अगर मजहब की बुनियाद पर मुल्क बना करते , तो सऊदी अरब और सीरिया अलाहिदा – अलाहिदा मुल्क नहीं होते ।

मैं कहना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान की बुनियाद मजहब की बुनियाद पर नहीं पड़ी है । हिन्दुस्तान और पाकिस्तान जरूर बने, लेकिन हिन्दुस्तान एक सेक्युलर मुल्क है और यही वज़ह है कि दुनिया की सबसे बड़ी अकलियत इस मुल्क के अन्दर रह रही है । प्रमोद जी, जब हिन्दुस्तान आज़ाद हुआ तो मौलाना आज़ाद ने जामा मस्जिद के अन्दर कहा था, उनको जो मुसलमान हिन्दुस्तान छोड़कर जा रहे थे कि "जामा मस्ज़िद की ये सुन्दर मीनारें तुमसे सवाल करती है; जामा मस्ज़िद का यह हौज़ , जिसमें वजू करके तुम नमाज़ पढ़ते हो, यह तुमसे सवाल करती है, कि इस हिन्दुस्तान को छोड़कर तुम कहां जा रहे हो ? वे तुम्हारें ही आबा –अजदाद थे, जो तूफानों का रूख बदल देते थे । आज जरा -सी परेशानी में तुम अपने मुल्क को छोड़कर जा रहे हो उसके बाद आपने देखा कि हिन्दुस्तान के अंदर क्या हुआ और कितनी बड़ी अक़लियत रह गई है ।

आपकी पूरी दुनिया की मिसालें दीं । मैं आपकी बात मानता हूं की जो फॉरनर्स एक्ट हमारे यहां मौजूद है दुनिया के अन्दर कमोबेश इसी तरीके का एक्ट मौजूद है, लेकिन प्रमोद जी, मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि दुनिया के अन्दर और हमारे अंदर यही फर्क है कि इस मुल्क के तीन हिस्से हो गए, दुनिया में किसी मुल्क के तीन हिस्से नहीं हुए , आज हम और आप यहां जिस परेशानी का जिक्र कर रहे है, वह इसलिए कर रहे है कि एक मुल्क था , जिसके तीन हिस्से हो गए और इसलिए आज यह परेशानी पैदा हुई है । लेकिन , मैं अफसोस के साथ कहना चाहता हूं कि इस मुल्क के अन्दर परेशानी यह है कि जब-जब आपकी जबान खुलती है, आपके होठों से अल्फाज़ निकलते है,इस देश की अक़लियतों के सीनों में धड़कने वाले दिल की धड़कनें तेज हो जाती है । वह परेशान हो जाता है कि यह किस तरीके की बात कह रहे है ? आपने भी आज इसी तरीके की बात की है ।

सर, जसवन्त सिहं जी यहां तशरीफ रखते है, मैं कहना चाहता हूं कि जब आई.एम.डी.टी. बना था और जिस वक्त सन् 83 में ऑर्डिनेंस जारी हुआ था और 1984 में इस ऑर्डिनेंस को एक्ट में तब्दील किया गया था, उस वक्त जसवन्त सिंह जी ने वे सारी बातें, जो मेरे भाई प्रमोद जी ने की, इन बातों का जिक्र उस वक्त नहीं किया था । मैं श्री जसवन्त सिंह जी का सिर्फ एक जुमला बताऊंगा और मुझे खुशी है कि आप यहां तशरीफ रखते है। आपने आई.एम.डी.टी. की मुखालफत इस बुनियाद पर नहीं की थी , जिस बुनियाद पर प्रमोद जी आज इस हाउस के अन्दर मुखालफत कर रहे है, बल्कि आपने कहा था कि इसका मुतालबा था । यह आई.एम. डी.टी. होना चाहिए था । मैं आपकी चार लाइनें पढ़कर सुनाता हूं :

"The institution of tribunals for determination of illegal immigration in Assam was one of the requirements."

4 P.M.

ये आपके जुमले है । आपने आगे कहा था :

"One of the demands, one of the requirements, one of the requests which was constantly put across in the tripartite discussions, which were held earlier..."

ये जसवन्त सिहं जी के जुमले है और आपने इसकी मुखालफत यह कह कर की थी कि :

"Even on the basis of that date, the Government did not think it fit to take any executive action to institute these tribunals."

- तो एक साल का वह वक्त गुजरा ऑर्डिनेंस आने के बाद और एक्ट बनने के बीच में । इस बीच में सरकार ने ट्रिबुनल्स नहीं बनाए, इसलिए इस आईएमडीटी एक्ट की मैं मुखालफत करता हूं । यह बुनियाद थी , जिस बुनियाद पर जसवन्त सिंह जी ने इसकी मुखालफत की थी प्रमोद जी,मैं यह कहूंगा कि इस देश की जो अकलियतें है, उन्हें हमेशा इस बात का खतरा आपसे लगा रहता है और इसी वजह से यह आईएमडीटी एक्ट बना था । फ़ार्नर्स एक्ट के और आई एम डी टी एक्ट के अन्दर सिर्फ़ यही फ़र्क है, बुनियादी फ़र्क कि फार्नर्स एक्ट के अंदर यह जिम्मेदारी फॉर्नर की होती है कि वह यह साबित करे कि वह फॉर्नर नहीं है, हिन्दुस्तानी है । चूंकि असम के अंदर जो मासूम लोग थे , बेगुनाह लोग थे,अकलियत के लोग थे, उनको पुलिस परेशान करने का काम कर रही थी, उनका हाथ पकड़ती थी और कहती थी कि तुम फॉर्नर हो । अब वह फॉर्नर है या नहीं है, यह साबित करना या न करना उसकी जिम्मेदारी थी । मै बड़े अदब से यह कहना चाहता हूं कि दिल्ली के अंदर आधी आबादी यह साबित नहीं कर सकती कि वह हिन्दुस्तानी है । इस देश के गांव का आदमी यह साबित नहीं कर सकता कि वह हिंदुस्तान है । तो जब असम में इस तरह परेशान करने का काम किया गया, तब मजबूरन यह कानून लाया गया ।

महोदय, ला-कमीशन की 175वीं रिपोर्ट में इसी बाबत है कि इस देश के अंदर जो बाहर के लोग आए । सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जीवन रेड्डी ने कहीं यह नहीं कहा कि आईएमडीटी को बदल दिया जाए । जो असम –एकोर्ड हुआ , उस असम-एकोर्ड के अंदर कहीं किसी एक जगह यह नहीं कहा गया कि आईएमडीटी को बदल दिया जाए । वर्ष 1977 तक असम के हालात बिल्कुल ठीक –ठाक थे, 1977 तक वहां पर कोई किसी तरीके का एजीटेशन नहीं था, किसी तरीके की कोई परेशानी नहीं थी । यह 1978 के अंदर एजीटेशन शुरू हुआ और उस एजीटेशन के अंदर यहां तक हुआ कि 1979 के अंदर जो जनरल इलेक्शन होना था,

वह जनरल इलेक्शन नहीं हुआ । उसके बाद 15 अगस्त , 1985 को असम –एकोर्ड हुआ। असम –एकोर्ड के अंदर जो तीन क्लॉजेज थीं, जिसका जिक्र सुप्रीम –कोर्ट ने अपने जजमेंट के अंदर भी किया है । इसमें मेन बात यह थी कि 1 जनवरी, 1966 से पहले इस देश के अंदर जो लोग आए थे, उनको सिटीजनशिप दे दी जाएगी, उसके अंदर कहीं कोई डिस्प्यूट नहीं है । एक एकोर्ड को मैं कह सकता हूं कि तीन कैटेगरी के अंदर बांटा जा सकता है । एकोर्डिंग टू द एकोर्ड, 1 जनवरी , 1966 से पहले जो भी आए थे उनको हिन्दुस्तान की सिटीजनशिप दे दी जाएगी, जो लोग 1 जनवरी ,1966 से लेकर 24 मार्च, 1971 तक हिंदुस्तान के अंदर आए थे उनको फॉनेर्स एक्ट के मुताबिक डील किया जाएगा , इलेक्टोरल रोल के अंदर जिनके नाम आ गए है उनके नाम काट दिए जाएंगे , उनकी अलाहिदा लिस्ट बनाई जाएगी, हर थाने के अंदर उनकी लिस्ट बनाई जाएगी और उनकी सिटीजनशिप दस साल के बाद दी जाएगी और तीसरी सिटीजनशिप की कैटेगरी वह है, जो मार्च, 1971 के बाद की है । यह फॉर्नर्स एक्ट 1971 तक लगेगा, लेकिन 1971 के बाद आईएमडीटी एक्ट लगेगा , जो 1971 से आज तक मिलेगा ।

महोदय , अगर मैं डेटा रखूं, सुप्रीम –कोर्ट की जजमेंट के अंदर जो डेटा आए है, तो दोनों के मुताबिक कितने लोग हिंदुस्तान के अंदर फॉर्नर्स बताए गए है ? सर, जो डेटा दिए गए हैं, जो गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने 24 नवंबर, 2004 को एफिडेविट फाइल की सुप्रीम –कोर्ट के अंदर , उसके मुताबिक 4,51,598 यानी चार लाख से थोड़ा ज्यादा बताए गए है। कम्प्लेंट IMDT के मुताबिक फाइल की गई। मै इसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता कि स्क्रीनिंग कमेटी ने क्या फैसला किया, कितने रिजेक्ट किए, मैं सीधा कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट के मुताबिक 12, 180 लोगों को कहा गया कि These are the foreigners, इनको इस देश से निकालों । 4 लाख से ज्यादा केसिस आए, जिनमें से सिर्फ 12 हजार लोग माने गए कि These are the foreigners. इसके साथ – साथ 1 जनवरी, 1966 से लेकर 24 मार्च,1971 तक, जिस फारनर्स एक्ट की तारीफ प्रमोद जी कर रहे है और जिसके बारे में कह रहे है पूरे देश के अंदर यह लागू है और इसे असम में भी लागू होना चाहिए , मैं बीच में यह भी कहता चलूं, जिस बात का जिक्र आपने किया कि IMDT तो पूरे देश के लिए बना था । मेरे पास 1983 की लोक सभा और राज्य सभा की वह बहस मौजूद है, जिसमें श्री पी.सी, सेठी साहब. जो उस वक्त के होम मिनिस्टर थे, उन्होंने कहा था कि हमने यह प्रोविजन पूरे देश के लिए बनाया है, अगर जरूरत पड़ी तो हम इसको पूरे देश के अंदर लागू कर देंगे । वह लागू नहीं किया गया, यह एक अलग बात थी । लेकिन फारनर्स एक्ट के मुताबिक जो केसिस है, वे 5,19,000 केसिस है,जो फारनर्स एक्ट के मुताबिक तय किए गए । 5, 19,000 के अंदर इललिगल इमीग्रेंट 29,1891 कितना बड़ा फर्क । वहां पर बताए गए थे फारनर्स है जो इललिगल माइग्रेंट्स है, वहां पर 12 हजार के लगभग थे । तो ऐसा कोई बहुत फर्क IMDT के अंदर और

फारनर्स एक्ट के अंदर नहीं है। लेकिन मैं बहुत अदब से यह कहना चाहूंगा कि जब असम के अंदर वह सारा हंगामी दौर हुआ और 1985 में चुनाव हुए और वहां की असैम्बली बनी, प्रमोद जी, पहली बार युनाइटेड मुस्लिम फ्रटं हिन्दुस्तान के किसी एक स्टेट में बना और वहां से 17 सीटें जीतीं । शायद हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक युनाइटेड मुस्लिम फ्रंट ने 17 सीटें जीतने का काम किया । मुझे याद नहीं पड़ता कि हिन्दुस्तान का कोई एक स्टेट ऐसा हो, जहां की असैम्बली किसी मुस्लिम फ्रंट ने जीती हो । लेकिन आपने असम में इतना कम्युनलिज्म पैदा कर दिया कि वह युनाइटेड मुस्लिम फ्रंट 17 सीटें जीतने में कामयाब हो गया । मैं यही कहना चाहता हूं आपसे कि आप चुन – चुनकर ऐसे मुद्दे लेकर आते है, आपको इस बात की दिलचस्पी नहीं है कि देश के अंदर महंगाई को कैसे खत्म किया जाए, आपको कभी चिंता नही होती कि देश के अंदर दूसरी परेशानियां क्या है । आपको चिंता होती है कि इस देश के अंदर बाबरी मस्जिद कैसे है। वहां राम मंदिर क्यों नहीं बना । आपको चिंता होगी कि कश्मीर के अंदर 371 अभी तक खत्म क्यों नहीं हुआ , आपकी चिंता होगी , आपको खुशी होगी कि IMDT खत्म हो गया । आप कहेंगे कि यहां अलग –अलग पर्सनल लॉ नहीं होने चाहिए , सिविल लॉ होना चाहिए , सिविल कोड होना चाहिए । लेकिन , प्रमोद जी, जब –जब आपकी सरकार आती है तब –तब ये सारे मुद्दे खत्म कर दिए जाते है तब आप इनमें से एक भी मुद्दे की बात नहीं करते । आपने कहा था कि यदि आपकी सरकार आएगी तो अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाएंगे । दस साल तक आप चले थे गुजरात से रथ यात्रा लेकर और सारे देश के अंदर उसे घुमाया था कोई गली और सड़क आपने नहीं छोड़ी थी , लेकिन जब सत्ता और इख्तदार आपके पास आया तो अटल जी ने प्रधान मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहले दिन यह बयान दिया था कि जब सत्ता रहेगी, राम मंदिर हमारे एजेंडे में नही रहेगा और जिस दिन सरकार चली गई, सरकार जाते ही आडवाणी जी ने ब्यान दे दिया कि अगर छः महीने और सरकार में रहते तो राम मंदिर बना देते । मैंने एक अखबार वाले से कहा कि 6 महीने और रहते , कितनी सच्चाई है इस स्टेटमेंट में ? क्यो लोक सभा को 9 महीने पहले डिज़ाल्व कर दिया ? किसने कहा था आपको ? 9 महीने का वक्त मौजूद था आपसे पास , लेकिन आपने हाऊस को डिज़ाल्व कर दिया

श्री एस. एस. अहलुवालिया (**झारखंड**) : IMDT पर बोलिए न ।

श्री राशिद अल्वी : उसी पर आ रहा हूं । क्यों हाऊस को डिजाल्व कर दिया ?
…(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Don't disturb him.

श्री राशिद अल्वी : महोदय , मैं श्री अहलुवालिया जी की बात नहीं करना चाहता,

किसी दिन चर्चा होगी, वे ख्वामख्वाह टोकाटाकी कर रहे है । श्री वाजपेयी जी के खिलाफ यदि कोई सबसे ज्यादा बोला तो वे अहलुवालिया जी ही बोले । (**व्यवधान**) ....मेरे पास रिकॉर्ड है । (**व्यवधान**) ....

श्री एस.एस. अहलुवालिया : एक दिन प्रोसीडिंग पढ़ लेना आप कि मैं किसके खिलाफ बोला, आपके खिलाफ या किसी और के खिलाफ बोला । आइना – आइना दिख जाएगा ।

श्री राशिद अल्वी : मेरे पास चिट्ठी है ।

श्री सभापति : पढ़ने की जरूरत नहीं है , इनको आगे बोलने दीजिए । (**व्यवधान**) आप बोलिए , अपने सब्जेक्ट पर आप बोलिए ।

श्री राशिद अल्वी : महोदय,श्री प्रमोद जी ने कहा कि हमारे पास राज्य सभा के अन्दर मेजॉरिटी नहीं थी , चूकि राज्य सभा के अन्दर मेजॉरिटी नहीं थी इसलिए हम आईएमडीटी को रद्द नहीं कर पाए । महोदय, सरकार छः वर्ष चली और हाउस को डिजॉल्व करने से पहले ही इसे स्टेडिंग कमेटी ऑन होम्स को भेजा । स्टेंडिंग कमेटी ऑन होम्स की रिपोट भी मेरे पास मौजूद है । आईएमडीटी में 72 मैंमोरेंडम इस बात पर आए कि आईएमडीटी को खत्म कर दिया जाए और 58 मैंमोरेंडम, श्री प्रणब मुखर्जी साहब यहां पर उपस्थित नहीं है क्योंकि वे ही इसके अध्यक्ष थे, 58 मैंमोरेंडम इस बात के लिए आए कि आईएमडीटी को खत्म न किया जाए । आधे लोग चाहते थे कि इसे खत्म कर दिया जाए और आधे लोग चाहते थे कि इसे खत्म न किया जाए ।

महोदय, जैसे ही आईएमडीटी खत्म हुआ, असम के अन्दर जो मुस्लिम ऑर्गनाइजेशन्स है, उन्होंने भी बन्द की कॉल दे दी । 16 जुलाई को मुस्लिम ऑर्गनाइजेशन्स की कॉल पर पूरा असम बंद रहा । मैं बहुत ही अदब के साथ पूछना चाहता हूं कि यह कौन सा खतरा है जो कि उन लोगों को महसूस होता है । महोदय, इस हाउस के मैम्बर रहे श्री रफीक जकारिया साहब, मैं उनका सिर्फ एक ही जुमला कहूंगा, जिससे आपको यह एहसास हो पाएगा कि आईएमडीटी पर उस समय भी जब बहस हुई थी, क्योंकि आईएमडीटी के अन्दर कोई भी आदमी यह शिकायत कर सकता है कि यह फॉर्नर है, बशर्ते कि वह तीन किलोमीटर की हद के अन्दर ही रहता हो । आईएमडीटी के बावजूद श्री रफीक जकारिया के सेक्युलर होने में शायद किसी एक भी आदमी को शुबा नहीं हो सकता । आज वे हमारे बीच नहीं है, श्री रफीक जकारिया को कम्युनल नहीं बताया जा सकता है,लेकिन श्री रफीक जकारिया ने आईएमडीटी कानून के बनने के वक्त भी इस बात का खतरा जाहिर किया था कि " I would like to say about जो झूठी एप्लीकेशन दे

कि यह फॉर्नर है, उसके बारे में उन्होंने कहा in the Act itself . If not, in the Act.... अगर एक्ट के अन्दर नहीं बन सकता तो एक्ट के बाहर "at least, in the rules you must provide that some sort of punishment will be given." आईएमडीटी के बावजूद भी यह खतरा उन्हें लगता था कि वहां पर माइनॉरिटीज के लोगों को परेशान किया जाएगा। जहां तक सुप्रीम कोर्ट की इस जजमेंट का ताल्लुक है, सर मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा , केवल दो –तीन बातों को कह कर मैं अपनी बात खत्म करूंगा। सर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मैं इस पर बगैर किसी कमेट को दिए इस हाउस पर ही छोड़ता हूं कि वह इस बारे में क्या कहता है। पैराग्राफ 24, पेज नम्बर 29, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, "The influx of these illegal migrants is turning these districts into a Muslim majority region..." जो लोग बाहर से आ रहे है, असम के बहुत ऐसे इलाके , ऐसे जिले है, जिनके अन्दर मुसलमानों की तादाद बढ़ती ही चली जा रही है, "It will then only be a matter of time when a demand for their merger with Bangladesh will be made..." अगर मुसलमानों की तादाद, यह सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का जजमेंट है, जिसे मैं आपके सामने पढ़ रहा हूं, इस पर मैं कोई भी कमेंट नहीं करना चाहता , सुप्रीम कोर्ट इस देश का सबसे बड़ा अदलिया है, जिसके फैसले के हम सभी पाबंद है, लेकिन मैं इस पार्लियामेंट से कहना चाहता हूं कि क्या ये अल्फाज मुनासिब है कि यदि बांग्लादेश के कुछ जिलों के अंदर मुसलमानों की आबादी बढ़ जाएगी , तो सिर्फ it is a matter of time कि वे उनकी जिस बात का मुताल्बा करेंगे कि हमें बांग्लादेश के अंदर शामिल कर लिया जाए, इस पर मैं कोई भी कमेंट नहीं करना चाहता हूं, यह आपका फैसला है। एक पेराग्राफ श्री प्रमोद जी ने पढ़ा है, उसे मैं दोबारा पढ़ना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है,"A deep analysis of the IMDT Act and rules made thereunder would reveal that they have been purposely so enacted, or, made so as to give shelter or protection to the illegal migrants." ऐसा लगता है कि पार्लियामेंट में यह आई.एम.डी.टी का कानून इसलिए बनाया है कि इमीग्रेंटस को निकलना नहीं है बल्कि पनाह देने का काम करना है। सर, मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सुप्रीम कोर्ट पार्लियामेंट का मजाक बनाना चाहता है तो मैं कुछ नहीं कहना चाहता। अगर वह यह सोचता है कि पार्लियामेंट इसलिए है तो इसके अंदर मैं कोई कमेंट नहीं करना चाहता । लेकिन अगर सुप्रीम कोर्ट ईमानदारी से यह सोचती है कि यह कानून इसलिए बना है कि इमीग्रेट्स को शैल्टर दिया जाएतो, सर, इस हाउस को फिर सोचना पडेगा , लाईन खींचनी पड़ेगी कि इस पार्लियामेंट की जिम्मेदारी क्या है और इस सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी क्या है।

सर,मैं पांच मिनट और लूगा , उसके बाद खत्म करूंगा। सुप्रीम कोर्ट कानून को इंटरप्रेट कर सकती है लेकिन कानून बनाने का काम सिर्फ पर्लियामेंट का है। पार्लियामेंट किस तरीके

